CATALOGUE 2021

Benten Books Publishing House

सुभाष चंद्र बोस
की आत्मकथा
अपने बच्चे को बेस्ट
सपनों को सच करने के उपाय
नौकरी पाने के नियम
शिर्डी के साई मानवता के मसीहा
ओशो की आवाज़
असफल
आप IAS कैसे बनेंगे भाग-2
इत्मीनान
विद्यार्थी के दिन को 48 घंटों का बना देने वाली पुस्तक
जीवन का महामंत्र
सिविल सेवा के परीक्षार्थियों के लिए विशेष
डॉ. विजय अग्रवाल
आज़ादी
HOW TO BECOME AN IAS
PART-2
Dr. Vijay Agrawal
ब्यूटी टिप्स
क्रोध से छुटकारा
डॉ. विजय अग्रवाल
101
रेसिपी बुक
घर में दावत
आशा अग्रवाल
पॉवर
गौतम मसानिया
प्रशासनिक चिन्तक
डॉ. विजय अग्रवाल
आप IAS कैसे बनेंगे
डॉ. विजय अग्रवाल
स्टूडेंट और मन की शक्ति
सही निर्णय
Students and the Understanding of Love
Dr. Vijay Agrawal
ओशो
कृष्ण
खुराक
सदा सफल हनुमान
डॉ. विजय अग्रवाल
जीवन के मंत्र
सही हिन्दी सुन्दर हिन्दी
डॉ. विजय अग्रवाल
TIME
डॉ. विजय अग्रवाल
डॉ. प्रीति अग्रवाल

ABOUT BENTEN BOOKS

Benten refers to the Japanese goddess of wisdom. As the name suggests, Benten Books was established with a vision to enlighten people by providing quality literature in Hindi and English languages. The organization aims to provide the society with a fresh outlook and vision and bring out the best in every individual.

The Benten Books Publishing House was established by Mr. Sannidhya Agrawal in the year 2009 with a vision to promote a habit of reading in the country, especially in the Hindi belt. 'Pustak Padho Abhiyaan', also initiated by the Benten Books was an effort towards promoting the 'reading habit' and was very well received by the budding readers and the media.

We, at Benten Books hope to make a positive impact on the lives of our readers through our books and firmly believe that holistic national growth can only be achieved if every individual is allowed to grow from within.

We sincerely hope that our readers benefit from our books and join our noble cause.

Genre: Self-Help/Maths
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 304 pages
Price: Rs. 250/-
ISBN: 978-93-82419-42-6

ऐसे पढ़ो गणित

- विकास शर्मा

आपको गणित की बहुत सी किताबें मिलेंगी, जिनमें बहुत सारे सवाल होंगे, उनके हल होंगे और फिर अभ्यास के लिए होगी एक लंबी प्रश्नावली। ऐसी किताबें बहुत जरूरी हैं। लेकिन यह किताब जो आपके हाथों में है, गणित पर होते हुए भी ऐसी नहीं है। इसमें कहानी है। इस किताब में सवाल भी हैं, लेकिन कम हैं। जो हैं, उनकी सविस्तार व्याख्या है, चर्चा है और उन सवालों की बारीकियों का ज़िक्र भी है। लेकिन यह किताब पाठ्यपुस्तक भी नहीं है, न ही उसका विकल्प है। बल्कि यह किताब तो उन बच्चों के लिए है, जो अपनी पाठ्यपुस्तक से संवाद नहीं कर पा रहें हैं। यह पुस्तक उन्हें संवाद करने में सहायक हो सकती है। देखा गया है कि गणित की किताबें आमतौर पर केवल बताती हैं, लेकिन इस किताब में एक शिक्षक ने समझाया है। इसमें गणित की दिलचस्प कहानी के माध्यम से बच्चों की गणित के प्रति जिज्ञासाओं को सवाल-जवाब के रूप में शांत करने की कोशिश की गई है। मुख्य रूप से यह किताब नौवीं कक्षा या उससे ऊपर की कक्षाओं के लिए है। लेकिन चूंकि गणित वास्तव में 9वीं कक्षा से ही शुरू होती है, इसलिए आधार 9वीं कक्षा ही रखा गया है। लेकिन यह किताब उन लोगों के लिए भी मददगार हो सकती है, जो अपने बच्चों को पढ़ाना तो चाहते हैं, किन्तु उनकी खुद की पृष्ठभूमि गणित की नहीं है। उम्मीद है कि यह पुस्तक बच्चों और गणित के बीच की दूरी को कम करके बच्चों में गणित के प्रति प्यार जगा दे।



Genre: Self-Help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 144 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-41-9

वास्तु से बदलें जीवन

- संजीव अग्रवाल और अश्विनी कुमार

वास्तु-शास्त्र न तो 'तुक्केबाज़ी' है और न ही 'टोटकेबाज़ी'। यह तो इस भौतिक जगत को संचालित करने वाले नियमों की जानकारी देकर अपने परिवेश को, अपने आसपास के वातावरण को; विशेषकर अपने निवास एवं कार्यस्थल को उन शक्तियों/ऊर्जाओं को अधिकाधिक अनुकूल बनाने का विज्ञान है, जो हमारे सुख, स्वास्थ्य एवं सौभाग्य में अभिवृद्धि करने की क्षमता रखता है। यह पुस्तक इन्हीं ब्रह्मांडकीय सिद्धांतों की जानकारी एकदम सरल एवं व्यावहारिक रूप में आपके सामने रखती है। यदि आप घर अथवा कार्यस्थल का निर्माण करने या खरीदने जा रहे हैं, तो यह पुस्तक आपको बताएगी कि आपको किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। और यदि आप घर अथवा कार्यस्थल बना या खरीद चुके हैं, तो इसकी मदद से यह जान सकते हैं कि वह वास्तु के सिद्धांतों के कितना अनुकूल या प्रतिकूल है। यदि कहीं कोई प्रतिकूलता है, तो उसे दूर करने हेतु सरल एवं 'व्यावहारिक' उपाय भी पुस्तक में सुझाए गए हैं, जिन्हें कोई भी आसानी से समझकर अमल में ला सकता है। भूखंड के चयन तथा नींव डालने के तरीके से लेकर घर/कार्यालय/व्यापारिक प्रतिष्ठान के कोने-कोने की व्यवस्था तथा यहाँ तक कि भीतर एवं बाहर लगाए जाने वाले पेड़-पौधों तक के बारे में सविस्तार बताया गया है। वास्तु-दोषों के निवारण में पशु-पक्षियों, रंगों, यंत्रों एवं पिरामिडों की भूमिका के बारे में आपको कई प्रैक्टिकल बातें पढ़ने को मिलेंगी। चीनी वास्तु-शास्त्र फेंगशुई के ऊपर भी अलग से एक अध्याय दिया गया है। कुल मिलाकर, पुस्तक में कही गई बातें 'हाथ कंगन को आरसी क्या' जैसी हैं- पढ़िए, अमल में लाइए, और स्वयं ही उनकी प्रभावोत्पादकता को महसूस कर लीजिए।

आप IAS कैसे बनेंगे

- डॉ. विजय अग्रवाल

आई.ए.एस. की परीक्षा की तैयारी के बारे में आप अपनी कोई भी समस्या रखिए, यह पुस्तक आपको उसका समाधान सुझाएगी- प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा इन्टरव्यू से लेकर आपके मन तक की समस्याओं के समाधान।

यह किताब आपसे सीधे-सीधे बातचीत करती है, और वह भी बहुत विस्तारपूर्वक सरलता के साथ, इस तरह कि कुछ भी अनसमझा नहीं रह जाता।

परीक्षा की तैयारी संबंधी सैद्धांतिक बातों से इसका कोई लेना-देना नहीं है। यह साफतौर पर उन व्यावहारिक कामों की बात करती है, जिन्हें आप कर सकते हैं, और करके कमाल कर सकते हैं।

सच तो यह है कि यह आई.ए.एस. की तैयारी करने वाले स्वप्नदर्शियों के लिए एक 'चलता-फिरता कोचिंग संस्थान' है, एक हैंडबुक है, और निःसंदेह रूप से एक तरह का 'इनसाइक्लोपीडिया' भी।

Genre: self-help/career
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 368 pages
Price: Rs. 250/-
ISBN: 978-93-84055-00-4



आप IAS कैसे बनेंगे भाग-2

- डॉ. विजय अग्रवाल

यदि मंजिलें हैं, तो हमें विश्वास करना चाहिए कि रास्ते भी होंगे ही। फिर जब रास्ते होते ही हैं, तो मंजिलों तक पहुँचा भी जाता होगा। भले ही सभी राहगीर न पहुँचे, लेकिन कोई न कोई, कुछ न कुछ लोग तो वहाँ पहुँचते भी होंगे। इनमें एक आप भी हो सकते हैं।

जैसा कि अधिकांश लोग सोचते हैं, वस्तुतः मंजिलें कठिन नहीं हुआ करती हैं, रास्ते भी कठिन नहीं होते हैं, वह हम हैं, जो इन्हें कठिन बना देते हैं, दो तरह से। पहला रास्ते को ठीक से न जानकर और दूसरा यह न जानकरकि उस रास्ते पर चलना कैसे चाहिए।

डॉ. विजय अग्रवाल की बेस्ट सेलिंग बुक 'आप आई.ए.एस. कैसे बनेंगे' के बाद उसी क्रम की यह अगली पुस्तक है। इसका भाग-एक जहाँ आपको आई.ए.एस. की मंजिल तक पहुँचने का रास्ता दिखाती है, वहीं यह पुस्तक भाग-दो आपकी उंगली पकड़कर आपको कदम-दर-कदम बताती है कि आपको चलना कैसे चाहिए। इस प्रकार यह पुस्तक आपकी मंजिल को आसान बनाती है।

इसमें आपको क्या-क्या मिलेगा, बेहतर होगा कि आप मिनट लगाकर इसके विषय-क्रम पर एक निगाह मार लें। पक्का है कि आपको इससे प्यार हो जायेगा।

Genre: Self-Help/Career
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 325 pages
Price: Rs. 250/-
ISBN: 978-93-84055-05-9

आज़ादी की कहानी

- डॉ. विजय अग्रवाल

इतिहास डॉ. विजय अग्रवाल का इतना अधिक प्रिय विषय रहा है कि उन्होंने आई.एस.एस की प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा में भी इसे रखा। पिछले तीस सालों से वे सिविल सेवा के परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों के सामंजस्य ने इस विषय के प्रति उन्हें जो गहरी अन्तर्दृष्टि दी है, उसी का नतीजा है यह पुस्तक "आजादी की कहानी।"

इस पुस्तक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह आपको अपनी ढेर सारी सामग्री से आतंकित करने के बजाए मात्र सवा सौ पृष्ठों में आज़ादी के व्यापक परिदृश्य को समझने में मदद करेगी और वह सब कुछ बता देगी, जो आपको जानना चाहिए। इस लिहाज से यह कमाल की किताब है, और अपनी तरह की अनोखी भी, बावजूद इसके कि इस विषय पर किताबों की कोई कमी नहीं है।

Genre: History/Career
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 113 pages
Price: Rs. 115/-
ISBN: 978-93-84055-02-8



प्रशासनिक चिंतक

- डॉ. विजय अग्रवाले

डॉ. विजय अग्रवाल द्वारा लिखी गई इस पुस्तक 'प्रशासनिक चिन्तक' की दो अपनी विशेषताएँ हैं-

पहली यह कि यह मूल हिन्दी में ही लिखी गई है। इसमें आपको अनुवाद के कारण पैदा हुई कठिनाई से गुजरना नहीं पड़ेगा।

दूसरी यह कि यह पुस्तक सिद्धान्त, समझदारी और अनुभव को मिलाकर लिखी गई है।

इसके कारण आप इस पुस्तक में एक अलग ही तरह की सहजता, सरलता और रोचकता पायेंगे। यह प्रशासनिक चिन्तकों के बारे में आपके दिमाग में समझ की एक ऐसी पुख्ता नींव तैयार कर देगी कि इनको लेकर होने वाले उलझाव और अस्पष्टता से आपको हमेशा-हमेशा के लिए मुक्ति मिल जायेगी। साथ ही यह आपके अन्दर एक ऐसी अन्तर्दृष्टि भी पैदा करेगी कि आप अपने स्तर पर कुछ नया सोच सकें।

इस पुस्तक को पढ़ने के बाद आप स्वयं को इस स्थिति में पायेंगे कि आपके विश्लेषण करने की क्षमता में कई गुना वृद्धि हो गई है। आप स्वयं को सामाजिक-विज्ञानी दृष्टि से सम्पन्न एक बौद्धिक युवा के रूप में पायेंगे। और ऐसा हो जाना कम बड़ी बात नहीं होगी।

Genre: self-help/career
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 300 pages
Price: Rs. 275/-
ISBN: 978-93-84055-04-2



सही हिन्दी सुन्दर हिंदी

- डॉ. विजय अग्रवाल

- यदि आप चाहते हैं कि आपकी हिन्दी
सही हो, और
सुन्दर भी हो
तो निश्चित रूप से यह किताब आपके लिए ही है।
- यदि आप चाहते हैं कि आपको
परीक्षा में अच्छे मार्क्स मिलें, और
इन्टरव्यू में भी सफलता प्राप्त हो,
तो निश्चित रूप से यह किताब आपको पढ़नी ही चाहिए।

वस्तुतः यह पुस्तक एक डायरेक्टरी की तरह है, एक डिक्शनरी की तरह है, जिसे आपकी स्टडी टेबल पर होनी ही चाहिए। यह आपसे बातचीत करती है, और मजेदार बात यह है कि इससे बातचीत करने का कोई टाइम फिक्स नहीं है।

Genre: Language/Career
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 234 pages
Price: Rs. 195/-
ISBN: 978-93-84055-01-1



सुभाष चन्द्र बोस की आत्मकथा

"एक भारतीय तीर्थयात्री"

कहने को भले ही सुभाष चन्द्र बोस की यह आत्मकथा उनके प्रारंभिक चौबीस वर्षों की कथा है, किंतु यदि आपकी दिलचस्पी नींव के पत्थर को देखने की हो, तो आपके लिये यह पुस्तक पर्याप्त है। इन दस अध्यायों में एक शर्मीले, संकोची तथा हीन-भावना से ग्रस्त बालक के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस बनने की पूरी यात्रा का कदम-दर-कदम वृत्तांत दर्ज है।

इसके माध्यम से आप जान पाएंगे कि जीनियस हमेशा पैदा ही नहीं होते, बल्कि दृढ़-संकल्प से बन भी सकते हैं।

आप जानेंगे कि साहसी वह नहीं होता, जिसके मन में भय न हो, बल्कि वह होता है, जो अपने भयों को लगातार जीतता चलता है।

आप देखेंगे कि बड़े निर्णय लेना किसी के लिये भी आसान नहीं होता, किंतु आसान काम करके कोई बड़ा भी नहीं बनता।

संक्षेप में कहें तो इस पुस्तक के माध्यम से आप उस इस्पात को एक मजबूत मूर्ति में ढलता हुआ देख पाएंगे, जिसने सुभाष को सुभाष बनाया।

सुभाष चन्द्र बोस स्वामी विवेकानन्द के तार्किक दर्शन से प्रभावित थे। इसीलिए उनकी इस लेखनी में-

- आपको मानव मन के द्वंदों, भयों एवं जटिलताओं की सच्ची, गहरी और वैज्ञानिक जांच-पड़ताल मिलेगी।
- आप तत्कालिन भारतीय समाज की राजनीतिक, यहाँ तक कि पूरी दुनिया की तस्वीर देख सकेंगे।
- आप सुभाष के धर्म एवं अध्यात्म संबंधी विचारों को जान पाएंगे।

और आप यह सब जानेंगे उनकी अपनी ही कलम से।

Genre: Auto-biography
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 192 pages
Price: Rs. 195/-
ISBN: 978-93-82419-23-5



पढ़ो तो ऐसे पढ़ो

- डॉ. विजय अग्रवाल

सच्ची खुशी के लिये हर एक व्यक्ति को स्वयं की क्षमताओं का ज्ञान होना ज़रूरी है। मनुष्य का मस्तिष्क असीमित संभावनाओं से भरा है। ये संभावनाएँ तभी वास्तविकता में खोजी जा सकती हैं, जब हम पारम्परिक सोच से ऊपर उठकर मस्तिष्क की सोयी हुई क्षमता को पा लें। यह पुस्तक हमें एक नई दिशा देती है कि कैसे पढ़ा जाए। यह विभिन्न तकनीकों के द्वारा पाठक के मस्तिष्क को उत्तेजित कर देती है और बुद्धि की कार्यप्रणाली को समझने में मदद करती है। इस पुस्तक में सही कहा गया है – ''कोई भी इसे कर सकता है।'' यह अद्‌भुत पुस्तक उन छात्रों के लिये है, जो अपनी सीमाओं को लाँघकर आगे निकल जाना चाहते हैं।

''ऐसे किसी भी स्टूडेन्ट के लिए अद्‌भुत किताबें, जो किसी भी परीक्षा में अच्छे नम्बर लाना चाहता है।'' **– अनिकेत पाटनी, आई .आई .टी., कानपुर**

Genre: self-help
Language: Hindi version of 'The art of study'
Binding: Paperback
No. of pages: 208 pages
Price: Rs. 145/-
ISBN: 978-81-907025-5-3



स्टूडेन्ट और टाइम मैनेजमेंट

- डॉ. विजय अग्रवाल

समय एक ऐसा अमूल्य साधन है, जिसकी हम सभी के पास कमी है। अगर इसका सही प्रबंधन कर लिया जाये, तो यह हमें बँधनों से मुक्त करके ऊपर की ओर उठाएगा। यह हमारे लिए चमत्कार कर सकता है।

यह किताब हमें मन पर नियंत्रण के द्वारा, विभिन्न टेक्नीक्स के द्वारा और अनेक उदाहरणों के ज़रिए समय-प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान देती है। यदि हम इन्हें एक बार प्रयोग में ले आयें,तो स्वयं के अंदर अपने आप ही विकास की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

''ये पुस्तकें विचारों को माँजती हैं, दृष्टि को स्पष्ट करती हैं। साथ ही ये स्टूडेन्ट की दक्षता को बढ़ाकर हर तरह की परीक्षा में अधिक नम्बर दिलाकर उसे आश्चर्यजनक रूप से सफल बनाती हैं।'' **– हर्ष अग्रवाल**
97.8% कॉमर्स, सी.बी.एस.ई., लन्दन स्कूल ऑफ इकॉनोमिक्स

Genre: Self-Help
Language: Hindi version of 'Time management for Students'
Binding: Paperback
No. of pages: 184 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-81-907025-4-6



स्टूडेन्ट और मन की शक्ति

- डॉ. विजय अग्रवाल

हम कैसे अपनी कमजोरियों को ताकत बनाएँ? हम कैसे अपनी बाधाओं और मुश्किलों को अपनी सबसे शक्तिशाली जायदाद में बदलें? यह सब हो सकता है अपनी विचार-प्रक्रिया पर अच्छा-खासा नियंत्रण करके, अपने मन पर नियंत्रण करके।

हम सब जानते हैं कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता (इमोशनल इन्टेलिजेन्स) की मात्रा हम सभी के जीवन की सफलता को निर्धारित करती है। यह पुस्तक हमें स्वयं को समझने के बारे में विस्तार से बताती है। साथ ही हमें उन तरीकों के बारे में भी बताती है कि कैसे हम अपनी कमजोरियों और कमियों को दूर कर सकते हैं। हमारे अवचेतन मन की कोई सीमा नहीं होती है। अपने इस अवचेतन मन की शक्ति को समझने के बाद उसका उपयोग करके हम अपने जीवन में सफलता और आनन्द प्राप्त कर सकते हैं। यह एक ऐसी पुस्तक है, जो आपको अपने मन की जाँच-परख करने तथा आपकी सीमाओं को फैलाने के उपाय भी बताती है। ऐसा करके यह आपको अनन्त ऊँचाइयों तक पहुँचने लायक बनाती है।

''ये तीनों किताबें उन विद्यार्थियों की नींव को मजबूत करती हैं, जो सफल और आनन्दपूर्ण कैरियर बनाना चाहते हैं। ये सभी किताबें एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। इनमें जो टेक्नीक बताई गई हैं, उन्हें पढ़ और समझकर अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने की गारंटी ली जा सकती है।''

– अरूप रॉय चौधरी
पी-एच.डी. मैथेमैटिक्स, स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू जर्सी, अमेरिका

Genre: Self-Help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 174 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-81-907025-9-1



स्टूडेन्ट और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट

- डॉ. विजय अग्रवाल

आज के दौर में जिंदगी का कॉम्पटीशन केवल पढ़ाई के दम पर नहीं जीता जा सकता। जिंदगी में आगे निकलने के लिए कुछ अलग और ख़ास बनने की ज़रूरत होती है। और यह झलकता है आपकी पर्सनैलिटी से, जो भीड़ में होते हुए भी आपको भीड़ से अलग बना देती है।

'पढ़ो तो ऐसे पढ़ो', 'स्टूडेंट और टाइम मैनेजमेंट', 'स्टूडेंट और मन की शक्ति'; इन तीनों पुस्तकों की आपार सफलता और लोकप्रियता के बाद लेखक डॉ. विजय अग्रवाल ने इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए नयी किताब 'स्टूडेंट और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट' लिखी है। इसमें स्टूडेंट से जुड़ी हुई उन बातों को बताया गया है, जो एक विद्यार्थी के प्रभावशाली व्यक्तित्व के लिए जरूरी हैं। स्टूडेंट्स को इस पुस्तक में बॉडी लैंग्वेज, कम्युनिकेशन स्किल्स, मैनर्स और ड्रेसिंग आदि के बारे में भी जानने को मिलेगा।

यह किताब एक साधारण स्टूडेंट और असाधारण स्टूडेंट के बीच के फासले को खत्म कर देगी। यह किताब उन विद्यार्थियों के लिए लिखी गई है, जो जीवन और कॅरियर की दौड़ में सबसे आगे रहने की चाहत रखते हैं।

Genre: Self-Help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 184 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-93-80496-15-3

स्टूडेन्ट और शिष्टाचार

- गौतम मसानिया

ज्ञान बड़ा होता है या तहज़ीब? जवाब है तहज़ीब। जब भी हम किसी से मिलते हैं, तो उससे मिलने का मतलब होता है उसके तहज़ीब से मिलना और वह हमारे दिमाग में इसी रूप में दर्ज रहता है, अपने तहज़ीब के रूप में, अपने शिष्टाचार के रूप में।

इसे कोई भी सीख सकता है, यहाँ तक कि वह भी, जिसे ह तक नहीं मालूम कि शिष्टाचार होता क्या है? यही इसकी खूबी है। शिष्टाचार के जरिए आप सामने वाले को न केवल इम्प्रेस ही करते हैं, बल्कि उसके दिल और दिमाग में उतरकर उसे जीत भी लेते हैं।

शिष्टाचार व्यावहारिक जीवन की वह सर्वोत्तम जादुई मशाल है, जो सभी के हाथों में होनी ही चाहिए। यह पुस्तक इसी मशाल का काम करती है।

यह किताब आपको निजी से लेकर परिवार और समाज तक के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से जुड़े सभी तरह के शिष्टाचारों के बारे में बताती है कि आपको कब-कब, कहाँ-कहाँ, क्या-क्या करना चाहिए। और यह भी बताती है कि क्या-क्या नहीं करना चाहिए।

यह एक बहुत ही ज़रूरी किताब है, खासकर विद्यार्थियों और युवाओं के लिए।

Genre: Personality Development
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 184 pages
Price: Rs. 135/-
ISBN: 978-93-82419-29-7



स्टूडेन्ट और प्रेम की समझ

- डॉ. विजय अग्रवाल

किसी भी तरह की 'समझ' आते ही जिंदगी में दो चमत्कार तुरंत हो जाते हैं-

पहला चमत्कार कि समस्या समस्या नहीं रह जाती।

दूसरा चमत्कार यह कि यही समस्या शक्ति बन जाती है।

जैसे ही आपमें 'प्रेम की समझ' पैदा होगी, आप पहली बार सच्चे प्रेम को महसूस करके सच्ची उड़ान भर सकेंगे। यह पुस्तक इसी उड़ान में आपकी मदद करेगी।

प्रेम के लगभग सभी रंगों एवं गहराई को पूरी खूबसूरती एवं रोचकता के साथ समेटे हुए गज़ब की किताब है यह। पढ़ने के लिए 'वक्त नहीं है' का बहाना बिल्कुल भी न बनाएं।

यह पुस्तक खासतौर पर स्टूडेन्ट्स एवं युवाओं के लिए लिखी गई है।

Genre: self-help/motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 176 pages
Price: Rs. 135/-
ISBN: 978-93-82419-26-6

Genre: self-help/motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 384 pages
Price: Rs. 250/-
ISBN: 978-93-82419-34-1

इत्मीनान बड़ी चीज़ है

- कार्ल ऑनरे

"हरदम जल्दी में रहने वाले उन लोगों के लिए एक अच्छी और सच्ची मार्गदर्शिका, जो अब घर, दफ्तर तथा जीवन के अन्य आयामों में थोड़ा इत्मीनान बरते जा सकने की संभावनाएँ तलाश रहे हैं।"

-इकॉनॉमिस्ट

"यह किताब ऐसे ढेरों तरीके बताती है जिनकी मदद से हम खुद को आज़ाद करा सकते हैं... उस बोझ से जिसे बॉडलेअर ने 'समय का बोझ' कहा है। यह हमें उस भ्रम से मुक्ति दिलाती है जिसमें पड़कर हम यह मानने लगे हैं कि इस बोझ से मुक्त होने का कोई उपाय नहीं है, कि हम इसे ढोए जाने के लिए अभिशप्त हैं।"

- वॉशिंगटन पोस्ट

"लेखक ने हमें वैश्विक स्तर पर हो रहे उन प्रयासों के बारे में बताया है जो आम आदमी के अवचेतन में बैठा दिए गए इस भ्रम को झुठलाने में लगे हैं कि आज के समय में रफ्तार ही कामयाबी का एकमात्र उपाय है। बहुत ही रोचक और प्रभावोत्पादक।"

-क्रिश्चियन साइंस महनिटर, जिसने कि 'इन प्रेज़ ऑफ स्लोनेस' को वर्ष 2004 की सर्वश्रेष्ठ किताब घोषित किया था नहन-फिक्शन कैटेगरी में।

"आँखें खोल देने वाली किताब है 'इन प्रेज़ ऑफ स्लोनेस'।"

-बिज़नेस वर्ल्ड



Genre: self-help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 144 pages
Price: Rs. 125/-
ISBN: 978-93-82419-37-2

क्रोध से छुटकारा

- डॉ. विजय अग्रवाल

ऐसा कोई भी नहीं होगा, जिसके पास क्रोध न हो। ऐसा भी कोई नहीं होगा, जो इसके होने से परेशान न हो। तो ऐसे में हम करें तो क्या करें?

फिलहाल इसका एक उपाय यह हो सकता है कि आप इस पुस्तक को पढ़ें।

पहले तो यह पुस्तक आपके लिए आपका आइना बनकर आपको आपके क्रोध के कारणों से परिचित कराएगी।

फिर यह पुस्तक आपके लिए एक टॉर्च बनकर आपका मार्ग-दर्शन करेगी कि आपको किन रास्तों पर कैसे-कैसे चलकर उस मंजिल तक पहुँचना है, जिस मंजिल का नाम है- "क्रोध से छुटकारा।"

बस, इसी से सब कुछ बदल जाएगा। अभी तक आप जिसके काबू में थे, अब यह आपके काबू में आ जाएगा।

ओशो की आवाज

इस पुस्तक में प्रेम, भोग, ईश्वर, सांसारिकता, ध्यान, शान्ति, चिंता, अहंकार, प्रार्थना तथा मृत्यु जैसे अनेक विषयों पर ओशो के विचारों का निचोड़ मौजूद है। यदि आप यह निचोड़ पाना चाहते हैं, तो निःसंदेह रूप से यह किताब आपके लिए है।

साथ ही यह किताब आपको ओशो के कहने के ढंग का स्वाद भी प्रदान करेगी। पढ़ते समय आपको लगेगा कि आप ओशो की ही आवाज़ सुन रहे हैं।

इस पुस्तक में गूंजने वाली ओशो की आवाज़ आपके गहरे उतरकर आपके अन्दर एक ऐसी उठा-पटक मचाएगी कि उससे उभरेगा आपका अपना एक नया 'मैं'।

इस किताब में यह ताकत है कि यह आपके अब तक के विचारों को दुरुस्त करके आपको वह स्पष्ट और ठोस दृष्टि प्रदान करेगी, जिससे आप अपनी जिन्दगी की नई राहें और नये दृश्य देख सकेंगे।

यदि आप यह मानते हैं कि कोई भी व्यक्ति अपने विचारों को बदलकर अपनी जिन्दगी को बदल सकता है, और अपनी समस्याओं से उबर सकता है, तो 'ओशो की आवाज़' इसमें आपकी मददगार साबित होगी।

Genre: self-help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 176 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-16-7



एक अनोखा गुरु

यह जीवन कथा है एक ऐसे अनोखे गुरु की-

- जिसने खुद फैसला किया कि मेरे माता-पिता कौन होंगे।
- जिसने बचपन में वह सब किया, जो कोई भी दुस्साहसी, बदत्तमीज और आवारा लड़का कर सकता है, और उसके बावजूद जिसने केवल इक्कीस साल की उम्र में वह पा लिया, जो गौतम बुद्ध ने पैंतीस साल की उम्र में पाया था।
- जिसने अपने शिष्यों को नियमों से बंधने की बजाय नियमों से मुक्त होने का संदेश दिया।

एक ऐसा जीवन, जो रहस्य और रोमांच से भरा हुआ है, जिसने आध्यात्मिकता की ऊँचाई को छुआ और उसे आज के संदर्भ में हम सबके लिए नए ढंग से परिभाषित किया।

"रजनीश के शब्दों में-
एक दिन ध्यान में कब कितना लीन हो गया, मुझे पता ही नहीं और कब शरीर वृक्ष से गिर गया, वह मुझे पता नहीं। जब नीचे गिर पड़ा शरीर, तब मैंने चौंककर देखा कि यह क्या हो गया। मैं तो वृक्ष पर ही था और शरीर नीचे गिर गया। कैसा हुआ अनुभव, कहना बहुत मुश्किल था। मैं तो वृक्ष पर ही बैठा था और मुझे दिखाई पड़ रहा था कि शरीर नीचे गिर गया है। सिर्फ एक रजत-रज्जु नाभि से मुझ तक जुड़ी हुई थी, एक अत्यन्त चमकदार शुभ्र रेखा। कुछ भी समझ से बाहर था कि अब क्या होगा? कैसे वापस लौटूँगा?

Genre: biography
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 184 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-15-0



ओशो भोग से योग की यात्रा

'जोरबा द बुद्धा' यानी कि भौतिकता के माध्यम से आध्यात्मिकता के शिखर पर पहुँचना। यह ओशो के विचारों के केन्द्र में रहा है। तभी तो ओशो भोग से समाधि तक पहुँचने की बात कहते हैं, और डंके की चोट पर पूरे साहस तथा अकाट्य तर्कों के साथ कहते हैं।

इस पुस्तक में ओशो के भोग से समाधि तक की यात्रा के मुख्य चार पड़ावों संबंधी बुनियादी विचारों को प्रस्तुत किया गया है। ये चार पड़ाव हैं-

- नारी
- प्रेम
- काम, एवं
- समाधि।

यानी कि यहाँ आप जीवन को सम्पूर्णता के साथ जीने संबंधी ओशो के खूबसूरत, रोचक और दिमाग की बंद खिड़कियों को धक्का देकर उन्हें खोल देने संबंधी नये-नये विचारों को जान सकेंगे।

Genre: Life/Philosophy
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 192 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-36-5



ओशो के कृष्ण

कृष्ण के बारे में आप बहुत कुछ जानते होंगे। बावजूद इसके अभी बहुत कुछ ऐसा शेष है, जो आपको जानना चाहिए। यदि ऐसा है, तो निश्चित तौर पर आपके लिए ओशो से बेहतर विचारक शायद ही कोई दूसरा हो।

कृष्ण ओशो के सबसे प्रिय रहे हैं। इसलिए उन्होंने कृष्ण पर खूब बोला और जमकर बोला। इस पुस्तक में आपको कृष्ण के व्यक्तित्व, कार्य और विचारों को विभिन्न कोणों से जानने को मिलेगा।

आप कृष्ण के जीवन के विभिन्न रंगों की छटाओं का आनंद ले सकें ।

सच तो यह कि कृष्ण को सही-सही जान भी सकेंगे। यह जानना अद्‌भुत होगा- ज्ञान की दृष्टि से और जीवन की दृष्टि से भी।

Genre: Life/Philosophy
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 192 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-35-8

Genre: self-help/motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 224 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-31-0

सदा सफल हनुमान

- डॉ. विजय अग्रवाल

हनुमानजी से सीखें सफलता और मैनेजमेंट के सूत्र।

विश्व में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है, जो किसी न किसी कार्य में, कभी न कभी असफल न हुआ हो। कुछ लोग इसलिए अधिक सफल होते हैं, क्योंकि वे अपनी प्रत्येक असफलता के कारणों की खोज करते हैं और अगली बार प्रयत्न करते समय सावधान रहते हैं। कुछ लोग दूसरों की सफलता-विफलता का लेखा-जोखा रखते हैं और स्वयं प्रयत्न करने के पूर्व ही अपनी सफलता के पथ का मानचित्र तैयार कर लेते हैं।

किंतु भारत के विशाल प्राचीन साहित्य में एक ऐसा अद्भुत चरित्र भी है, जो कभी असफल नहीं हुआ-वे हैं हनुमानजी। उन्हें नया से नया और कठिन से कठिन कार्य दिया गया और हर बार वे सफल सिद्ध हुए। सफलता भी ऐसी कि उन्हें घर-घर में संकटमोचक देवता के रूप में पूजा जाने लगा।

प्रस्तुत पुस्तक हनुमानजी के जीवन-चरित्र के माध्यम से उन गुणों, भावों, विचारों, व्यवहारों और जीवन-मुल्यों की खोज करती है, जिनके होने से हनुमानजी अपने ऊपर आए हर दायित्व, हर कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करते चले गए।

रामायण, महाभारत अथवा ग्रीक त्रासदियों के नायक-प्रतिनायकों के जीवन-वृत्त का विश्लेषण करने पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँच सकते हैं कि व्यक्ति की सफलता या विफलता के कारण वस्तुतः उनके अपने व्यक्तित्व में ही सन्निहित होते हैं। 'सदा सफल हनुमान' आपको सफलता के उस महान राजपथ पर अग्रसर करने का प्रयास है, जिस पर चलकर आप अपनी सफलता सुनिश्चित कर सकें।



Genre: self-help/motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 240 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-32-7

जीवन का महामंत्र हनुमान चालीसा

- डॉ. विजय अग्रवाल

यह 'हनुमान चालीसा' की एक ऐसी सरल, व्यावहारिक किन्तु सारगर्भित व्याख्या है, जो मन को गदगद कर देती है।

जीवन की सफलता के और अध्यात्म के कितने सुन्दर सूत्र 'हनुमान चालीसा' में छिपे हुए हैं, इस पुस्तक को पढ़कर ही जाना जा सकता है।

हनुमान जी पर लिखी डॉ. विजय अग्रवाल की अत्यंत लोकप्रिय पुस्तक 'सदा सफल हनुमान' के बाद उन्हीं पर लिखी यह दूसरी पुस्तक पाठकों का जीवन के विराट कैनवास से साक्षात्कार कराती है।

"सरल ही श्रेष्ठ होता है" यह 'हनुमान चालीसा' ने तो सिद्ध किया ही है, इस पुस्तक ने भी किया है। एक पुस्तक, जिसे एक बार हर कोई पढ़ना चाहेगा।



आप भी बन सकते हैं राम

- डॉ. विजय अग्रवाल

दरअसल, यह किताब राम के ज़रीए उस जादुई तत्त्व की तलाश करती है, जिसके मिलते ही कोई भी राम बन जाता है। जी हाँ, आप भी।

विश्लेषण एकदम नया है, चामत्कारिक और रोमांचकारी भी। राम के चरित्र के इतने नये आयाम आपको इसमें पहली बार देखने को मिलेंगे।

राम क्या थे? इस सवाल के जवाब में प्रश्न यह है कि वे क्या नहीं थे- एक आदर्श पुत्र, पति, भाई, शासक, देव, दोस्त, सहायक तथा और भी न जाने क्या-क्या? जाहिर है कि राम के चरित्र का यह आदर्श रूप भला किसको सम्मोहित नहीं करेगा! यदि आपके साथ भी ऐसा है, और आप भी उनके जैसा ही कुछ होना चाहते हैं, तो निश्चित तौर पर यह किताब आपकी मदद करेगी।

Genre: self-help
Language: Hindi/Spirituality
Binding: Paperback
No. of pages: 227 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-93-80496-19-1



इन्ट्यूशन पॉवर

- गौतम मसानिया

इसी धरती पर जन्मे, पले और बड़े हुए अनेक लोगों ने अपने कार्यों के द्वारा जीवन के इस रहस्य को सत्य सिद्ध किया है कि मनुष्य अनन्त और विलक्षण क्षमताओं का स्वामी है। प्रकृति ने इन क्षमताओं को देने के मामले में किसी के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं किया है। पर हम में से ज़्यादातर लोग अपनी इन क्षमताओं के बारे में अंजान हैं। इसीलिए हममें से ज़्यादातर लोग एक साधारण जीवन जीने को मजबूर हैं। दुनिया में सफल और संपन्न लोगों का प्रतिशत दस से भी कम है। अगर हमें भी इन दस प्रतिशत लोगों में शामिल होना है, तो अपनी विलक्षण क्षमताओं को पहचानना और उन्हें विकसित करना सीखना होगा।

ऐसी ही एक अद्‌भुत और ज़बरदस्त शक्ति है- इन्ट्यूशन पॉवर।

यह पुस्तक आपको इन्ट्यूशन पॉवर के बारे में एकदम प्रैक्टिकल और साइंटिफिक जानकारियाँ देगी; मसलन इन्ट्यूशन क्या है, कैसे होता है, किसको होता है, हमारे लिए किस-किस तरह से फायदेमंद है, और यह भी कि वे कौन से आसान तरीके हैं, जिनसे इस पॉवर को और बढ़ाया जा सकता है।

यह पुस्तक आपको इन्ट्यूशन पॉवर के बारे में फैली तमाम भ्रांतियों की सच्चाई से भी अवगत कराएगी, ताकि आप बेवजह खुद को ईश्वर की इस अनमोल देन से महरूम न रखें।

ये ऐसी जानकारियाँ हैं, जिन्हें व्यवहार में लाकर हर आयु वर्ग के लोग चाहे वे विद्यार्थी हों, नौकरीपेशा हों, व्यापारी हों, गृहणियाँ हों, डॉक्टर हों, पुलिस अधिकारी हों, सेना के जवान हों, कलाकार हों, प्रशासनिक अधिकारी हों, या आमजन हों, सभी न केवल खुद को जानलेवा खतरों और बड़े-बड़े नुकसानों से बचा सकते हैं, बल्कि सफल होने के औरों से ज़्यादा मौके भी पा सकते हैं।

Genre: Self-Help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 192 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-93-82419-33-4

अपने बच्चे को बेस्ट कैसे बनाएं

- राखी गोपाल अग्रवाल

कौन माता-पिता नहीं चाहते कि उनका बच्चा न केवल सफल बने, बल्कि हर कोई उसकी प्रशंसा भी करे। मगर वे अक्सर शिकायत करते हैं कि बच्चा उनकी बात नहीं सुनता। जबकि अगर बच्चा उनकी बात सुने और माने, तो अपने आप ही वह बेस्ट बन जाएगा। इन्हीं कुछ समस्याओं के हल और प्रश्नों के उत्तर इस पुस्तक के माध्यम से लेखक ने रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों से ढूंढने की कोशिश की है। पुस्तक से आप जान पाएंगे कि-

- बच्चे में अच्छी आदतें कैसे डाली जाएं।
- बच्चे को अच्छे संस्कार कैसे दें।
- बच्चे की ऊर्जा को सकारात्मक रुख कैसे प्रदान करें।
- बच्चे की परवरिश में किन-किन बातों का ध्यान रखा जाए।

और भी वह सब कुछ, जो ज़रूरी है आपके बच्चे को बेस्ट बनाने के लिए।

Genre: Parenting
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 192 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-93-80496-06-1



डिप्रेशन से छुटकारा

- डॉ. प्रमोद शंकर सोनी

- क्या आप या आपका कोई मित्र डिप्रेशन से ग्रसित है?
- क्या आप डिप्रेशन से छुटकारा चाहते हैं?
- क्या आप चाहते हैं कि डिप्रेशन आपकी कमजोरी न बनकर आपकी ताकत बने?

डॉ. प्रमोद शंकर सोनी की यह किताब डिप्रेशन से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए अमृत का एक ऐसा प्याला है, जो लोगों को न केवल इस अवस्था से छुटकारा दिलाएगा, बल्कि जीवन के लिए नया उत्साह और उमंग भी प्रदान करेगा। यह पुस्तक आपको आपकी समस्या की जड़ तक पहुंचाने के साथ-साथ एक नयी जीवन-शैली के प्रति भी प्रेरित करेगी।

इस किताब में लेखक ने डिप्रेशन के प्रत्येक पहलु का न केवल विस्तृत वर्णन किया है, बल्कि डिप्रेशन से ग्रसित लोगों की सक्सेस स्टोरीज के साथ इससे उबरने के अत्यंत सरल व सटीक उपाए भी सुझाये हैं, जो इस पुस्तक को बेहद दिलचस्प और व्यवहारिक बना देते हैं।

यह किताब उन लोगों के लिए अनिवार्य है, जिन्हें अक्सर निराशा, हताशा, खालीपन, उदासी या चिंता अपने चंगुल में जकड़ लेती है। यह किताब उनको भी पढ़नी चाहिए, जिनके परिवार का कोई सदस्य या मित्र ऐसी स्थिति का सामना कर रहा है।

स्टूडेंट से लेकर गृहणी तक, हर एक के लिए यह पुस्तक समान रूप से उपयोगी है।

Genre: self-help/health
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 208 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-80496-14-6

समय आपकी मुट्ठी में

- डॉ. विजय अग्रवाल

सचमुच, यह पुस्तक युवाओं, बड़ों तथा विशेषकर विद्यार्थियों और प्रोफ़ेशनल्स के लिए समय-प्रबंधन के लिहाज़ से बहुत उपयोगी है। मुझे ख़ासतौर से 'दैनिक जीवन के लिए समय' वाला चौप्टर बहुत अच्छा लगा।

-डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति

मुट्ठी से रेत की तरह फिसलते समय और उसके प्रति हमारी उदासीनता को लेकर आगाह करती है यह पुस्तक! रोचक उदाहरण इसकी जान हैं।

-इंडिया टुडे

यह पुस्तक नई पीढ़ी के लिए काफ़ी उपयोगी है... इसमें लेखक ने अपनी बात को रोचक ढंग से, छोटे-छोटे उदाहरणों, रोचक कथा-कहानियों, जीवन-प्रसंगों तथा प्रभावशाली सूत्र-वाक्यों के द्वारा प्रस्तुत किया है।

-राष्ट्रीय सहारा

Genre: Self-help/Motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 288 pages
Price: Rs. 250/-
ISBN: 978-93-82419-14-3

आत्मा की खुराक

बेन्तेन बुक्स सम्पादकीय टीम

शरीर की शक्ति के लिए हम भोजन करते हैं, कसरत करते हैं। मानसिक शक्ति के लिए अध्ययन, चिंतन और मनन करते हैं। हमारी भावनात्मक ऊर्जा बढ़े, इसके लिए कला और संस्कृति से जुड़ते हैं। लेकिन आत्मा की शक्ति के लिए?

यह पुस्तक आपको ऐसी खुराक प्रदान करती है, जिससे आप अपनी आत्मा की शक्ति को किसी भी सीमा तक बढ़ा सकते हैं।

और सबसे बड़ी बात यह है कि यह खुराक भी बहुत मीठी है और ज़ाइकेदार भी। यानी कहानी, किस्सों और सच्ची जीवनियों के माध्यम से आत्मा का पोषण।

यह किताब आपको भरपूर आनंद भी देगी और शांति भी।

Genre: Self-Help/Motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 160 pages
Price: Rs. 135/-
ISBN: 978-93-82419-30-3

क्या करें कि बात बन जाए

- डॉ. विजय अग्रवाल

'उसके हाथ में जादू है। वह जिस चीज़ को भी छू देता है, वह सोना बन जाता है।' आप भी अपने हाथ में वह जादू पैदा कर सकते हैं, यह जानकर कि आप ऐसा क्या करें कि बात बन जाए। आप इससे सफलता की इसी रेसिपी को सीख सकेंगे।

हमें हमारे बड़ों ने सफलता के लिए सिखाया है कि 'खूब मेहनत करो।' वे गलत नहीं हैं। लेकिन यह भी है कि यही सब कुछ नहीं है। तो फिर अन्य क्या हैं? यह किताब आपको बताएगी।

किसी अन्य ने नहीं, अपनी सीमा आपने खुद बनाई है। यह पुस्तक आपको वे उपाय सुझाएगी, जिनसे आप अपनी सीमाओं को तोड़कर आगे तक जा सकते हैं।

Genre: self-help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 224 pages
Price: Rs. 195/-
ISBN: 978-93-82419-20-4



मन को जीतो, दुनिया जीतो

- डॉ. विजय अग्रवाल

''यह किताब उन पाठकों के लिए एक तोहफा है, जो अपने जीवन के प्रति संवेदनशील हैं और कुछ बदलाव चाहते हैं।''

- दैनिक भास्कर

यह पुस्तक उन लोगों के लिए है, जो अपने जीवन की सारी समस्याओं को समाप्त करके सफलता के शिखर पर पहुँचना चाहते हैं।

यह पुस्तक हर किस्म की समस्या से निजात पाने का एक अचूक साधन है। पुस्तक में लेखक ने गहरी और गम्भीर बातों को भी बहुत ही रोचक, सरल और किस्से-कहानियों तथा उदाहरणों के जरिए प्रस्तुत किया है।

पुस्तक पढ़ने के बाद आप जान जाएँगे कि-

- कैसे आप कितनी आसानी से बड़ी से बड़ी समस्या को सुलझा सकते हैं।
- कैसे आप अपने मन और विचारों को जीत सकते हैं।
- कैसे आप अपने अवचेतन मन की शक्ति का इस्तेमाल सफलता पाने के लिए कर सकते हैं।
- कैसे आप भटकावों से बचकर अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ सकते हैं।
- कैसे महान व्यक्तियों ने मन की शक्ति से बड़े-बड़े कार्य किए और यह आप भी कर सकते हैं।

Genre: self-help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 252 pages
Price: Rs. 175/-
ISBN: 978-81-907025-2-2



लाइफ मंत्रा

- डॉ. विजय अग्रवाल

"छोटी-छोटी बातों से ही जिंदगी बड़ी बनती है", जीवन के इस अद्‌भुत रहस्य को आप जान सकेंगे इस छोटी सी दिखने वाली एक बड़ी किताब से।

हांलाकि इस पुस्तक का कोई भी अध्याय दो पृष्ठ से अधिक का नहीं है। लेकिन इनमें भरा ज्ञान अथाह है। इन्हें जानना सफलता और आनंद के रहस्य को जानना है।

मजेदार बात यह भी है कि आप जीवन की इन गहराइयों में छोटे-छोटे रोचक किस्से और कहानियों के माध्यम से डुबकी लगायेंगे। बहुत मजा आयेगा आपको। "लाइट रीडिंग" यानी कि हल्के-फुल्के तरीके से पढ़ी जाने वाली यह पुस्तक आपको वज़नदार बनाने की ताकत रखती है।

बहुत जगह तो आप चौंक जायेंगे कि "अरे कहीं यह मेरी ही बात तो नहीं है।" डॉ. विजय अग्रवाल अपनी इस तरह की विशिष्ट शैली के लिए जाने जाते हैं, जिसका स्वाद आपको इसमें मिलेगा।

Genre: self-help/motivation
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 190 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-80496-13-9

सही निर्णय कैसे लें

- डॉ. विजय अग्रवाल

अगर एक सफल और असफल व्यक्ति में कोई अंतर होता है, तो वह सिर्फ निर्णयों का होता है। जहाँ एक सफल व्यक्ति अपनी ज़िन्दगी में ज्यादातर निर्णय सही लेता है, वहीं असफल व्यक्ति के अधिकतर निर्णय गलत साबित होते हैं। यही कारण होता है कि बहुत से लोग कड़ी मेहनत करने के बावजूद वह नहीं पाते, जो वे चाहते हैं। यह पुस्तक सफलता और असफलता के इसी अंतर को मिटाती है।

लेखक ने बड़े ही रोचक अंदाज़ में, सफल व्यक्तियों के उदाहरणों और केस स्टडीज़ के द्वारा सही निर्णय लेने के फॉर्मूले पेश किये हैं। यह पुस्तक खासतौर पर उन लोगों के लिये लिखी गई है-

- जो हमेशा सफल बने रहना चाहते हैं।
- जो कठिन व संघर्ष के समय भी विजेता बनकर उभरना चाहते हैं।
- जो अपने ही गलत निर्णय से स्वयं की सफलता के रहस्य खोजना चाहते हैं।
- जो निर्णय लेने से घबराते हैं।

कुल मिलाकर यह पुस्तक उन लोगों के लिए है, जो सफलता के रास्ते को पहचानकर उस पर चलने की इच्छा रखते हैं।

Genre: Self-help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 220 pages
Price: Rs. 195/-
ISBN: 978-93-80496-00-9



आनंद की प्यालियाँ

- डॉ. विजय अग्रवाल

यह पुस्तक आपको दुखों से छुटकारा दिलाकर, सुखी बनाने और आनंद की प्राप्ती में आपकी सहायक बनेगी। ज़िंदगी कोई भारी भरकम बोझ नहीं है, जिसे जबरदस्ती ढोया जाए। लेकिन ज्यादातर लोगों को यह बोझ ही लगती है, क्योंकि वे इसे ऐसा ही समझते हैं।

यह किताब आपकी इस गलत समझ को दुरुस्त करके आपकी ज़िंदगी को आपके लिए रुई की तरह हल्का और मुलायम बनाने की ताकत रखती है।

इन सबके अलावा भी यह किताब आपको-

- जीने और सोचने का सही तरीका बताएगी,
- मानसिक रूप से आपको स्पष्ट और मजबूत बनाएगी, तथा
- आपके संबंधों को गहराई देगी।

कुल मिलाकर यह पुस्तक आपके अन्दर नएपन का एक ऐसा निर्मल और स्वच्छ झरना तैयार कर देगी कि उसकी ठंडक और उसकी गूँज से आप ज़िंदगी भर आनंदित हो सकेंगे।

Genre: self-help/spirituality
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 190 pages
Price: Rs. 145/-
ISBN: 978-81-907025-0-8



खुशहाल जीवन के मंत्र

- डॉ. विजय अग्रवाल

क्या आप मानते हैं कि दूसरों की ज़िन्दगी के अनुभव और घटनाएं आपके लिए बेशकीमती हो सकतीं हैं? यदि हाँ, तो यकीनन यह किताब आपके लिए बेशकीमती साबित होगी।

इस पुस्तक 'खुशहाल जीवन के मंत्र' की रेंज में आप सामान्य-व्यवहार से लेकर आध्यात्मिकता की ऊँचाई तक का रसास्वादन कर सकेंगे।

'मानों तो भगवान, नहीं तो पत्थर।' मानों तो मंत्र, नहीं तो महज़ शब्दों का जाल। यानी कि यह आपके ऊपर है कि आप इन छोटी-छोटी सच्ची कहानियों को लेते कैसे हैं। लेखक ने तो इन्हें 'खुशहाल जीवन के मंत्र' के रूप में लिया है।

रोजाना एक मंत्र का पाठ और 78 दिनों बाद ज़िन्दगी कुछ और ही, ज़ाहिर है कि पहले से बेहतर।

Genre: self-help
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 192 pages
Price: Rs. 150/-
ISBN: 978-93-82419-21-1



दिमाग ही दुश्मन है

- यू.जी. कृष्णमूर्ति

"यू. जी. कृष्णमूर्ति मेरे कथा नायक हैं। मेरा यू. जी. से मिलने आना मौत के अनुभव का मेरा अपना तरीका है।"

-महेश भट्ट
(पुस्तक "अब...मैं कौन हूँ" से)

इस पुस्तक में यू.जी. कृष्णमूर्ति के साथ की गई बातचीत के अंश हैं, जो किसी भी बात को बिलकुल उसी तरह कहते हैं, जिस तरह कही जानी चाहिए। निश्चित रूप से यह पुस्तक उन लोगों के लिए नहीं है, जो इसे पढ़कर शांति, सत्य या ब्रह्म की प्राप्ति करना चाहते हैं। लेकिन यह उनके लिए अवश्य है, जो अपने दिमाग की चालबाजियों को समझना चाहते हैं और स्वयं को इस जाल में फँसने से बचाना चाहते हैं।

यू.जी. के साथ किया गया यह वार्तालाप एक ऐसी यथार्थवादी और मौलिक दृष्टि प्रदान करता है, जिसकी ओर कभी भी हमारा ध्यान सपने में भी नहीं जाता। यू.जी. की बातें और उनके विचार हमें सहलाते नहीं, बल्कि थप्पड़ मारते हैं। सहलाने और थपथपाने में उनका तनिक भी विश्वास नहीं है। जो व्यक्ति अपने आपके प्रति निर्मम हो सकता है, वही यू.जी. के इन विचारों से लाभ उठाकर अपने जीवन को एक नई दिशा प्रदान कर सकता है।सचमुच यह जानना बहुत दुखद लगता है कि हम अपने उस दिमाग को ही अपना दुश्मन मान रहे हैं, जिसे हम अब तक अपना सबसे बड़ा मित्र समझते थे। लेकिन सच्चाई क्या है, इसे इस पुस्तक को पढने के बाद ही जाना जा सकेगा।

Genre: self-help/philosophy
Language: Hindi
Binding: Paperback
No. of pages: 196 pages
Price: Rs. 165/-
ISBN: 978-93-80496-11-5

असफल होना ज़रूरी क्यों है

- डॉ. विजय अग्रवाल

